दैनिक भास्कर 21/1/16

केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की संयुक्त सचिव का दौरा

मालपुरा. अविकानगर संस्थान का दौरा कर भेड़ों की उन्नत नस्ल देखतीं संयुक्त सचिव।

मालपुरा। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की संयुक्त सचिव गीता नारायन ने बुधवार को केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर का दौरा किया। नारायन ने इस अवसर पर संस्थान में केंद्रीय ऊन विकास मंडल जोधपुर के सहयोग से नव स्थापित भेड़ धुलाई इकाई एवं नवीनीकृत मशीन तथा ऊन कल्पन शेड का शुभारंभ किया ।

संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने इस अवसर पर कहा कि यहां वर्षों से भेड़ धुलाई व ऊन कल्पन का काम हाथ से किया जा रहा था लेकिन अब मशीनें लगाने से आधुनिक तरीके से उक्त कार्य हो सकेगा यह भी संस्थान के इतिहास में महत्वपूर्ण विकास हुआ है। गीता नारायन ने अविकानगर में आयोजित केंद्रीय ऊन विकास मंडल की कार्यकारी समिति की बैठक में भी भाग लिया।

उन्होंने संस्थान के विभिन्न सेक्टरों को देखा तथा आधुनिकतम तकनीक ईजाद करने पर प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय कुमार ने किया। प्राचार्य वैज्ञानिक डॉ. आर. सी. शर्मा ने बताया कि इकाई को बनाने एवं ऊन कल्पन मशीन को क्रय करने के लिए केंद्रीय ऊन विकास मंडल जोधपुर ने लगभग पैंतीस लाख रुपए अविकानगर संस्थान को उपलब्ध कराए हैं।

21/1/2016

राजस्थान पत्रिका
21/1/16

मालपुरा केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में भेड़ धुलाई इकाई एवं ऊन कल्पन शेड का उद्घाटन करती केन्द्रीय सचिव।

भेड़ धुलाई एवं ऊन कल्पन शेड का उद्घाटन किया

मालपुरा @ पत्रिका. केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय की संयुक्त सचिव गीता नारायन ने बुधवार को केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में भेड़ धुलाई इकाई एवं ऊन कल्पन शेड का उद्घाटन किया। संस्थान के डॉ. रमेशचन्द शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने कई प्रयोगशालाओं एवं सेक्टर का अवलोकन कर केन्द्रीय ऊन विकास मण्डल जोधपुर के सहयोग से 37 लाख की लागत से निर्मित शेड का उद्घाटन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने बताया कि वर्षों से संस्थान भेड़ धुलाई एवं ऊन कार्य हाथ से किया जाता था।

21/1/2016